भारत सरकार
नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2742
बुधवार, दिनांक 11 दिसम्बर, 2024 को उत्तर दिए जाने हेतु

<u>गुजरात में पीएम-कुसुम योजना</u>

2742. श्री विनोद लखमशी चावडाः क्या नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या गुजरात में प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (पीएम-कुसुम) योजना कार्यान्वित की जा रही है; और

(ख) यदि हां, तो कच्छ लोक सभी निर्वाचन क्षेत्र के भुज, अबडासा, गांधीधाम, रापर, मांडवी और अंजार में सौर ऊर्जा के लिए सहायता प्रदान की जा रही योजना के घटक-क, ख और ग के अंतर्गत विकेन्द्रीकृत ग्राउंड माउंटेड ग्रिड, स्टैंडअलोन सौर ऊर्जा चालित कृषि पंपों और ग्रिड से जुड़े पंपों के साथ जुड़े नवीकरणीय ऊर्जा संयंत्रों की संख्या का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा एवं विद्युत राज्य मंत्री
(श्री श्रीपाद येसो नाईक)

(क) जी, हाँ।

(ख) पीएम-कुसुम योजना एक मांग आधारित योजना है, जहाँ राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से प्राप्त मांग के आधार पर क्षमताओं का आवंटन किया जाता है।

कच्छ जिले के अंतर्गत भुज, अबडासा, गाँधीधाम, रापर, मांडवी और अंजार तालुका में घटक-वार स्थापना का विवरण अनुलग्नक में दिए गए हैं।

अनुलग्नक

'गुजरात में पीएम-कुसुम योजना' के संबंध में पूछे गए दिनांक 11.12.2024 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 2742 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

गुजरात में पीएम-कुसुम योजना के घटक-ख और घटक-ग (एफएलएस) के अंतर्गत प्रगति

**i)** घटक-क के अंतर्गत प्रगति:

शून्य

**ii)** घटक-ख के अंतर्गत प्रगति:

| क्र.सं. | तालुका का नाम | स्थापित सौर पंप |
|---|---|---|
| 1 | भुज | 2 |
| 2 | अबडासा | 0 |
| 3 | गांधीधाम | 0 |
| 4 | रापर | 2 |
| 5 | मांडवी | 0 |
| 6 | अंजार | 7 |
| | कुल | 11 |

**iii)** घटक-ग (एफएलएस) के अंतर्गत प्रगति:

| क्र.सं. | तालुका का नाम | सौरीकृत पंपों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | भुज | 0 |
| 2 | अबडासा | 0 |
| 3 | गांधीधाम | 0 |
| 4 | रापर | 727 |
| 5 | मांडवी | 0 |
| 6 | अंजार | 0 |
| | कुल | 727 |

*****